



# भोलेनाथ की राजसी सवारी निकली, लोगों ने किया पूजन

**बाकानेर**-सावन माह के अंतिम सोमवार को चेतना कॉलोनी श्री रामेश्वरम महादेव पालकी में सवार होकर जनता का हाल जानने निकले चेतना कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर बाबा भोलेनाथ की राजसी सवारी निकाली गई पूरे रास्ते भोलेनाथ का परिवार सहित लोगों ने पूजन किया एवं स्वागत किया आज अंतिम सोमवार को मंदिर के पुजारी पंडित अमन पंड्या द्वारा भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया आज बाबा महाकालेश्वर के स्वरूप में श्री रामेश्वर महादेव को सजाया गया राजशी सवारी में ढोल और ताशो पर महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य किया गया हर हर महादेव के उद्घोष के बीच सवारी मंदिर पहुंची जहां पर आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया आज अभिषेक एवं प्रसाद का सौभाग्य सुनील जायसवाल परिवार एवं जितेंद्र कानुनगो परिवार को मिला

## एक नजर में

### झम्मू बाई पाटीदार का बिछिया में निधन, गांव में छाई शोक की लहर



**सरदारपुर .** मंगलवार ग्यारस का दिन प्रातः काल में स्व श्री सिद्धनाथ जी की सुपुत्री, गणेश चन्द्र जी पाटीदार की धर्मपत्नी, सरदार पटेल युवा संगठन पाटीदार समाज संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन पाटीदार की पूज्यनीय माताजी श्रीमती *झम्मू बाई पाटीदार निवासी बिछिया* का प्रभु मिलन होगया है जिनकी अंतिम यात्रा, माही मुक्ति धाम भोपावर पर किया गया जिसमें ईस्ट मित्र एवं पाटीदार समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई शोक सभा में मुक्तिधाम पर पधारे नागरिकों द्वारा माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भगवान महाकाल अपने श्री चरणों में विशेष स्थान प्रदान करें

### पीएम श्री कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की




**बाकानेर** --राज्य शासन के निर्देशानुसार कक्षा छठी एवं नवमीं में प्रवेश लेने वाली छात्रों को उनके निवास दूरी के अनुसार निःशुल्क साइकिल प्रदाय की जाना है .उक्त निर्देशों के अनुसार दिनांक 05/08/2025 को संस्था पी एम श्री शासकीय कन्या उमावि बाकानेर में निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम रखा गया 7जिसमे जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज,जनपद अध्यक्ष लाला विभोर वास्केल, जनपद उपाध्यक्ष देवीसिंह चौहान, जनपद सदस्य ज्योति खुशाल अग्रवाल, सरपंच अनिता दद्दू सिंह चौहान द्वारा छात्राओं को सायकल प्रदान करके बधाई प्रेषित की 7 इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती किरण संजय वास्केल एवं समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे

### अच्छी लगनता से पढ़ लिखकर माता पिता संस्था का नाम रोशन करें : मीनाक्षी ग्रेवाल



**सरदारपुर।** अच्छी लगनता से पढ लिखकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर माता-पिता और संस्था का नाम रोशन करे, शिक्षा के प्रति प्रदेश सरकार भी अग्रणी है जिसका लाभ लेकर आगे बढे। यह बात मंगलवार को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरण और शपथ विधी कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के तौर पर नपं अध्यक्ष मीनाक्षी अर्पित ग्रेवाल ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत पहले विशेष अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक शैतानसिंह चौहान ने भूलो से सीखे जो मंजिल उसने पाई समझोता गमों से करले प्रेरणा गीत ने छात्राओं को भावुक किया। मंचासिन पर अतिथि रेशमा परवेज लोदी पार्षद वार्ड क्रमांक 6, शांताबाई तहाड़ पार्षद वार्ड क्रमांक 11, सांदीपनि माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक राजेंद्र ग्रेवाल द्वारा शिक्षा से ओतप्रोत अपने विचार रखते हुए छात्राओं को आगे बढने हेतु टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रोहिणी सिंह ने की। संस्था परिवार से ज्योति धनगर, रानू शर्मा, अंतिमबाला किराडा, द्वारा अत अतिथियों का स्वागत किया गया। तो वही इस दौरान छात्राओं को नपं अध्यक्ष ग्रेवाल ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 9 वी के कुल 41 छात्राओं को साइकल वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रशांत शर्मा ने किया, और आभार तनवीर कुरेशी ने माना।

### इस रक्षाबंधन क्या है खास?

**इंदौर .** रक्षाबंधन सिर्फएक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का जश्न है. इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने भाई-बहन के साथ इस दिन को खास और यादगार बनाने की तैयारियों के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेड़वाली' की लतिका), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी). प्रियंवदा कांत ने कहा अपने मां-पापा की एकलौती संतान होने के नाते, रक्षाबंधन हमेशा वो त्योहार रहा है जिसे मैं बचपन से मनाने की ख्वाहिश रखती थी. मैं अपने दोस्तों को उनके भाइयों को राखी बांधते देखती थी, और मन ही मन सोचती थी कि काश मेरा भी कोई भाई होता. ये ख्वाहिश तब पूरी हुई जब मैं मुंबई आई और एक्टर अयाज़ अहमद से मिली. धीरे-धीरे वो मेरे लिए उस भाई की तरह बन गए, जो कभी था ही नहीं. हिमानी शिवपुरी ने कहा, रक्षाबंधन हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है. मेरा भाई हिमांशु मेरी सबसे बड़ी ताकत और सहारा रहा है. आज भी, चाहे वह कितना भी व्यस्त क्यों न हो, वह राखी पर जरूर आता है ताकि हम साथ मिलकर त्योहार मना सकें. विदिशा श्रीवास्तव ने कहा रक्षाबंधन मेरे दिल के बेहद करीब है. मेरे भाई गौरव और मेरे बीच हंसी-मजाक, शरारतों और गहरे स्नेह से भरा एक खूबसूरत रिश्ता है. इस साल मैंने तय किया है कि मैं इस दिन को उसके लिए और भी खास बनाऊंगी। म.ं उसकी सबसे पसंदीदा डिश-मटर पनीर और पूरियां, खुद अपने हाथों से बनाकर उसे सरप्राइज देने वाली हूं, जिसे वह बचपन से बेहद पसंद करता है.

### ओबेन इलेक्ट्रिक ने नेक्स्ट-जेन रॉर ईजी सिग्मा लॉन्च की

**इंदौर.** भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने आज अपनी नई कम्यूटर बाइक रोर ईज़ी सिग्मा लॉन्च कर दी है। यह एक दमदार और नेक्स्ट-जेन इलेक्ट्रिक कम्यूटर बाइक है, जिसकी शुरुआती कीमत खास इंट्रोडक्टरी ऑफर के तहत ?1. 27 लाख रखी गई है. लॉन्च के मौके पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, रोर ईज़ी सिग्मा का लॉन्च शहरों में आवागमन के भविष्य को बदलने की हमारी यात्रा में एक बड़ा कदम है. इस नए जेनरेशन मॉडल के साथ हमने सिर्फ छोटे बदलाव नहीं किए, बल्कि आज के राइडर्स की गहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया है. इसमें इंटेलिजेंस, आराम और भरोसे को जोड़ा गया है, ताकि यह बाइक भारत के हिसाब से पूरी तरह फिट हो. रोर ईज़ी सिग्मा हमारी इसी प्रतिबद्धता को दिखाता है कि हम ऐसी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें बनाएंगे जो सिर्फ टेक्नोलॉजी में एडवांस न हों, बल्कि लोगों की असल जिंदगी और उम्मीदों के साथ भी मेल खाती हों.

# शिक्षक खामगांवकर को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

**अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर संस्था व संगठनों द्वारा बिदाई**






**कुक्षी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी के लोकप्रिय शिक्षक श्री विनय खामगांवकर बापू सर को संस्था की छात्राओं व शिक्षकों के साथ सांई सेवा समिति व नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित परिवारों तथा परिजनों ने एक ही संस्था में 35 वर्ष से अधिक का सेवाकाल पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी बिदाई दी । इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा तथा संस्था प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिर्वी के साथ ही संस्था के पूर्व प्राचार्यों सतीशचंद्र पाटीदार , अनिल कुमार दलाल , जगतसिंह चौहान, महेश चतुर्वेदी , कन्या परिसर प्राचार्य विजय कुमार साहू , सी.एम. सैलाना के प्राचार्य व संस्था के पूर्व व्याख्याता रहे वीरेन्द्र कुमार मिण्डा , प्राचार्य लिंगवा मोहन कुमार पाटीदार , पूर्व शिक्षक विनोद कुमार पाण्डेय व शारदा भावसार , रमेशचन्द्र धाड़ीवाल , एडवोकेट अतुल जैन , वरिष्ठ पत्रकार मनोहर मंडलोई , हरीश सेन , अनिल वर्मा , मुन्नालाल वर्मा , राकेश पाटीदार , विशाल अग्रवाल , अशोक सुगंधी , यतीन्द्र डुंगरवाल , सहित संस्था के शिक्षक उपस्थित थे । कार्यक्रम में बापू सर की धर्मपत्नी संगीता खामगांवकर , अनुज गिरीश खामगांवकर , श्रीमती सपना खामगांवकर , पुत्र सुबोध व भतीजे वैभव के साथ परिजन उज्जैन से उमेश कुलकर्णी , दीपक कुलकर्णी , प्रकाश शीलवलकर , किरण शीलवलकर , हेमंत कवीश्वर, सुशील खामगांवकर , गीतांजलि सोनवाने , संजय अमलाथे , सुधाकर शास्त्री परिवार इंदौर , प्रशांत विभूते उज्जैन , भाले परिवार, शिरीष पारखी परिवार , सेगांव श्री गजानन आश्रम की साधनाताई , छाया बकोरे परिवार , धड़वाई वाला परिवार , बलवंत करजगिर परिवार , धवल कविश्वर परिवार , तपस्वी व प्रत्यूष परिवार, पारनेरकर परिवार, विश्वास पूरकर , आदि ने बापू सर के सेवाकाल को अविस्मरणीय बताते हुए स्वागत सम्मान किया । संस्था की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट किया गया । संचालन मनोज साधु व वीरेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने किया । परिवार की ओर से गिरीश खामगांवकर ने आभार व्यक्ति किया ।

# भाजपा धार ग्रामीण जिला बैठक में जिला सलाहकार सदस्यों का हुआ स्वागत सम्मान

**मनावर** --भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिले की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश संगठन कार्य योजना अनुसार जिला कार्यालय मनावर में संपन्न हुए बैठक में भाजपा धार जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार आगामी कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आगामी 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है , इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी , तिरंगा यात्रा में सुरक्षा बलों एव बलिदानियों के साथ साथ रक्षा उपकरणों की प्रशंसा तख्तिया लेकर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होना है, 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों एवं पार्टी कार्यकर्ता द्वारा तिरंगा फहराने सूचित किया गया है आगामी 15 अगस्त शाम को तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतारना सुनिश्चित है 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारक को युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन जुड़े महत्वपूर्ण स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थानों पर पुष्पांजलि करें ..प्रत्येक मंडल में युद्धविरो , शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के घर पहुंचकर उनके परिजनों को सम्मान किया जाएगा साथ ही आगामी संगठन के कार्यक्रम को लेकर हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टोली का गठन किया गया है जिसमें जिला संयोजक सरदार सिंह मेडा जिला पंचायत अध्यक्ष , सहसंयोजक ओमप्रकाश पाटीदार जिला उपाध्यक्ष सहसंयोजक महेंद्र महाजन विधानसभा संयोजक सहसंयोजक नारायण सोनी जिला मंत्री को बनाया साथ ही मंडल के संयोजक भी बनाए गए आगामी सभी कार्यक्रम 16 अगस्त पर श्रद्धये कुशाभाऊ ठाकरेजी की जयंति 15 अगस्त एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर प्रत्येक मंडल के पुत्र स्तर पर कार्यक्रम करना सुनिश्चित किया गया है . महत्वपूर्ण जिला बैठक में धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ,प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल , पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, पूर्व विधायक रंजना बघेल जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद जी शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन भायल , डॉ राज बरफा... जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर पाटीदार सौरभ काका शर्मा शांतिलाल पाटीदार... जिला मंत्री महिला मोर्चा सोनाली श्रीवास्तव व धार जिले ग्रामीण के सभी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पदाधिकारी और जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे जिला बैठक में जिला सलाहकार समिति में सम्मिलित हुए सभी सदस्यों का स्वागत सम्मान भी किया गया कार्यक्रम का संचालन महेंद्र महाजन ने किया वह आभार भाजपा जिला मंत्री नारायण सोनी ने किया .

# पंप संचालकों ने ज्ञापन सौपकर कहा- पंप पर पुलिस बल करें तैनात




***बिना हेलमेट के पेट्रोल नही दिए जाने के आदेश से पेट्रोल पंप संचालक हो रहे परेशान, प्रतिदिन हो रहा विवाद,***

**सरदारपुर । जिले में बिना हेलमेट के पैट्रोल नही दिए जाने के आदेश के चलते क्षेत्र के पैट्रोल पंप संचालको को काफी परेशानियों का सामना करना प? रहा हैं। इसको लेकर सरदारपुर तहसील के पेट्रोल पंप संचालको ने मंगलवार को सरदारपुर में एसडीएम तथा एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में बताया की अपर कलेक्टर धार द्वारा 31 जुलाई को आदेश पारित कर समस्त पैट्रोल पंपो के द्वारा दो पहिया वाहन चालक को बीना हेलमेट के पेट्रोल प्रदान नही किए जाने का आदेश दिया। जिसके पालन में सरदारपुर तहसील के पेट्रोलपंप के द्वारा उक्त आदेश का पालन करने व करवाने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है किंतु उक्त आदेश के प्रकाश में पेट्रोलपंप संचालकों को रोज नई समस्याओ का सामान करना पड़ रहा हैं। प्रत्येक पंप पर प्रतिदिन करिब 500 या इससे अधिक दुपहिया चालक पेट्रोल वाहन में डलवाने के लिए आते है तथा हेलमेट लगाने के संबध में उन्हे टोका टोकी कि जाती है तथा पेट्रोल नही दिए जाने के स्थिती में वाद विवाद व मारपीट करने के नोबत आ रही है। तथा शासन ने हेलमेट के बिना पेट्रोल नही देने का आदेशित किया है किंतु आमजन में इसकी जागरूगता नही होने के कारण पंप संचालक व कर्मचारियों को ग्राहको के विरोध का सामना करना प? रहा है। पंप संचालको ने मांग रखते हुए कहा कि हम प्रशासन के नियमो का पालन करने के लिए तैयार है, किंतु विगत कुछ दिनो से हमारे पेट्रोलपंपो पर अराजकता व भय का वातावरण निर्मित हो गया है। इसलिए पेट्रोल पंपों पर पुलिस बल लगाया जाए।




# जिला भाजपा की बैठक में त्रिपाठी का सम्मान व स्वागत किया

**धार।** धार जिला भाजपा की आज मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय पर संगठन की मजबूती और आगामी गतिविधियों को लेकर आयोजित बैठक मे भाजपा के पूर्व संभागीय सह मीडिया प्रभारी वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र त्रिपाठी को धार जिला रोगी कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर स्वागत पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर धार जिला संगठन के जिला प्रभारी श्याम बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत नीलेश भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदारसिंह मेढा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री प्रभु राठौड व मनोज सोमानी, जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़, आगामी कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र सोनोने , सहसंयोजकपिंटू जायसवाल, राकेश पटेल तथा भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत व सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी, तथा शासन द्वारा नियुक्त रोगी कल्याण समिति सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपेक्षा की।

**एक नजर** श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त दोपहर तक रहेगी

# रक्षा बंधन 9 अगस्त को अनेक शुभ योगों का निर्माण,भद्रा का साया नहीं रहेगा : डॉ . अशोक शास्त्री


**धार ,** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक ये पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि , हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को राखी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई में राखी बांधकर लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। वहीं, दूसरी ओर भाई बहन की सुरक्षा का वचन देने के साथ उपहार देते हैं।

श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त को दोपहर 1 =24 बजे तक रहेगी । रक्षाबंधन उदया तिथि के हिसाब से रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा।

डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार रक्षाबंधन के दिन भाईयों को राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 =35 बजे से दोपहर 1 =24 बजे तक रहेगा। इसके बाद भाद्रपद माह की प्रतिपदा तिथि आरंभ हो जाएगी।

रक्षाबंधन के दिन भद्रा काल का साया नहीं रहेगा, क्योंकि भद्रा है जो 8 अगस्त को मध्य रात्रि पश्चात 01 =52 बजे तक रहेगी ।

डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार रक्षाबंधन पर काफी शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इस दिन सौभाग्य के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है।



इसके अलावा ग्रहों की स्थिति के हिसाब से नवपंचम, प्रतियुति, मालव्य, बुधादित्य जैसे राजयोगों का निर्माण होगा।

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 4 =22 से 5 =04 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12 =17 से 12 =53 बजे तक रहेगा।

सौभाग्य योग- सुबह 4 =8 बजे से 10 अगस्त को दोपहर 2 =15 बजे तक

सर्वार्थ सिद्धि योग- 9 अगस्त को दोपहर 2 =23 बजे तक ।

डॉ. अशोक शास्त्री के मुताबिक् रक्षाबंधन मनाने के पीछे कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित है, द्रौपदी, मां लक्ष्मी से लेकर इंद्राणी तक संबंधित है। हिंदू ग्रंथों के अनुसार कहा जाता है कि जब असुरों और देवताओं के बीच चल रहे युद्ध में इंद्रदेव हार गए थे। तब उनकी पत्नी इंद्राणी ने उनकी सुरक्षा से दृढ़ होकर और युद्ध जीतने के लिए इंद्र की कलाई पर एक पवित्र पीला धागा बांधा था। इससे वह विजयी हुए थे।

जब राजा बाली ने भगवान विष्णु से वचन लेकर उन्हें अपने साथ पातालोक में रख लिया था। ऐसे में मां लक्ष्मी ने राक्षस राजा बाली की कलाई पर राखी बांधी और उनसे उपहार के रूप में भगवान विष्णु की वापसी का अनुरोध किया था।

### कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित है

महाभारत काल में रानी द्रौपदी ने एक बार कृष्ण की चोट को ठीक करने के लिए उनकी कलाई पर अपनी पोशाक से फाड़े हुए पीले कपड़े का एक टुकड़ा बांध दिया था। कृष्ण इस कृत्य से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने घोषणा की कि उसने उन्हें अपना भाई बना दिया है और अब उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी उनकी। जब दुर्योयन के साथ चौसर में पांडव हार रहे थे, तो उन्होंने दौपद्री को भी दांव पर लगा दिया था। लेकिन वह दौपद्री को भी हार गए। ऐसे में चीर हरण के समय दौपद्री ने श्री कृष्ण को याद किया था और तब कान्हा ने दौपद्री की लाज की रक्षा की थी।